अ॰शा॰डीजी-परिपत्र सं॰- 28/2014

आनन्द लाल बनर्जी
आई0पी0एस0

पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश
1-तिलक मार्ग, लखनऊ ।

दिनॉकः मई 12, 2014

प्रिय महोदय,

अवगत कराना है कि उ0प्र0 शासन द्वारा विभिन्न घटनाओं से सम्बंधित सूचनाएं मांगे जाने हेतु पुलिस के अधिकारियों से सीयूजी मोबाइल पर सम्पर्क किया जाता है तो अधिकतर सीयूजी/मोबाइल बन्द रहते हैं अथवा रिसीव नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति में महत्वपूर्ण सूचनाओं को प्राप्त कर मा0 मुख्यमंत्रीजी के समक्ष प्रस्तुत करने में असुविधा के साथ-साथ विलम्ब भी होता है। इस सम्बंध में समय-समय पर मुख्यालय स्तर से निर्देश निर्गत किए जाते रहे हैं।

2. पुलिस विभाग के अधिकारियों का शासन के अधिकारियों से संवाद, अधिकारियों का अधिकारियों से संवाद एवं विभिन्न विभागों से संवाद निरन्तर सीयूजी के माध्यम से बना होता है। अनेकों सूचनाएं ऐसी भी होती हैं जिनपर त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में यदि फोन बन्द हो या फोन रिसीव न हो तो यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है।

3. निर्देशित किया जाता है कि समय-समय पर मा0 मुख्यमंत्री जी अथवा उनके सचिवालय द्वारा विभिन्न विषयों पर टिप्पणी/सूचना की अपेक्षा किए जाने पर उसे तैयार करने एवं समय के अन्दर उपलब्ध कराने में तत्परता बरती जाए। यह भी अपेक्षा की जाती है कि आप अपना सीयूजी/निजी फोन अथवा अन्य साधन जिससे ससमय सम्पर्क किया जा सके, उसको ऑन रखें तथा शासकीय कॉल को रिस्पान्स करें।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

(आनन्द लाल बनर्जी) 12/05/14

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद/रेलवे, उ0प्र0 ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन्स/रेलवे, उ0प्र0 ।
2. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र/रेलवे, उ0प्र0 ।
3. समस्त विभागध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ0प्र0 ।